बारिश ने किया मैच का काम तमाम, पर कुंबले को मिली मैन आफ दा मैच का खिताब

पुलिस ने खींची लक्ष्मण रेखा, और सूरज ने बरसाया उन पर आग

शेष पृष्ठ 1 से

अतिरिक्त उड़ाने...

नजर से देखते है जैसे भीखारियों की जमात हो। दो या तीन महीने टिकट बुकी करवाने के पश्चात अंतिम समय तक ओकॅ नही किये जाने से एल.टी.सी. पे जाने वाले सरकारी कर्मचारी का टूर प्रोग्राम बेकार हो जाता है।

वहीं पे मुख्यभूमि के कॉलेजों मे शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्रों को अपनी छुट्टियों मे घर आने के लिए भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विशेषतौर पर लड़कियों को जिन्हें चेन्नई के कोलकाता स्थित इंडियन एयर लायन्स के अधिकारी उड़ान के समय पर बुलवाने के बावजूद भी उसका टिकट ओके नहीं करवाते है।

द्वीप प्रशासन के अफसरों को इसलिये इन सब बातों की परवाह नहीं है क्योंकि मुफ्त की उन्हें विमान सेवाएं सरकारी खर्चे पर उपलब्ध है। विमान सेवाएं तो कुछ अफसरों के लिए बस का सफर हो गया यह और बात है कि दिल्ली मे उन्हें राज्य परिवहन बस सेवाएं भी समय पर नहीं मिल पाती है।

मीडिया ने इस मामले को एक बार नहीं अनेको बार पोर्ट ब्लेयर के दौरे पे आये हुये सरकार के मंत्रियों के सामने उठाया गया परन्तु इस पर आज तक कोई कारवाई नहीं हो पाई।

मोटार हमले मे करीब 100 से ज्यादा इराकी हताहत

बगदाद। इराक की राजधानी बगदाद के उत्तर स्थित इराकी नेशनल गार्ड मुख्यालय पर किए गए मोर्टार हमले मे करीब 100 से ज्यादा इराकी हताहत हो गये हैं।

इराकी पुलिस और नेशनल गार्ड अधिकारियो ने नाम जाहिर न करने की शर्त पर बताया कि बगदाद से 40 किलोमीटर दूर मशहिदान मे आज सुबह नेशनल गार्ड कार्यालय पर छह मोर्टार दागे गए।

पुलिस ने बताया कि अमेरिकी ब्लैकहाक हेलिकाप्टरो ने घायलो को वहां से हटा दिया है। घायलो और मृतको की संख्या का खुलासा नहीं किया गया है।

अपांग ने सोनिया से मुलाकात की

नई दिल्ली। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री गेगांग अपांग ने आज यहां कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात कर मंत्रिमंडल के गठन के बारे मे बातचीत की। बैठक के बाद श्री अपांग ने संवाददाताओ को बताया कि राज्य में मंत्रिमंडल का गठन अगले दो तीन दिनो मे हो जायेगा। एक सवाल के जवाब मे उन्होने साफ किया कि राज्य मे कोई उप मुख्यमंत्री नहीं होगा। पहले इस तरह की अटकलबाजियां लगायी जा रही थीं कि प्रदेश अध्यक्ष मुकुट मिथी कोजो श्री अपांग की कांग्रेस मे वापसी से पहले मुख्यमंत्री थे यह पद दिया जा सकता है। श्री अपांग ने कहा कि उन्होने श्रीमती गांधी को पार्टी की महाराष्ट्र चुनावो मे सफलता के लिये बधाई दी।

शेष पृष्ठ 1 से

मॉडल स्कूल को शीघ्र ही देश...

गौरतलब है कि अबरडीन के इस सरकारी मॉडल स्कूल ने अखिल भारतीय स्तर के परीक्षाओं में अब तक कई कीर्तिमान स्थापित कर चुकी है। यहां तक अन्य प्रतियोगिताओं में जीत हासिल की है। इसी स्कूल के कई छात्र देश के नहीं बल्कि अमेरिका जैसे देश में अपने स्कूल तथा अपने देश का नाम रौशन किए व बहुराष्ट्रीय कम्पनियों मे इस स्कूल के छात्रों की काफी मांग है।

कांग्रेस-राकांपा गठबंधन जारी रहेगा

मुंबई। कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी राकांपा ने महाराष्ट्र मे विधानसभा चुनावो पहले हुए गठबंधन को जारी रखने का निर्णय किया है। दोनो पार्टियो ने इस आशय की जानकारी राज्यपाल मोहम्मद फजल को दिये अपने अलग-अलग पत्र में दी।

राजभवन की एक विज्ञप्ति के अनुसार कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष प्रभा राव और राकांपा के प्रदेशाध्यक्ष एवं गृह मंत्री आर आर पाटिल ने राज्यपाल को भिजवाये पत्र मे यह बात कही गई है। विज्ञप्ति के अनुसार दोनो पार्टियो ने अपने पत्र मे उल्लेख किया है कि उनका आपसी गठबंधन चुनाव से पहले भी था और चुनाव के बाद जारी रहेगा। पत्र मे यह भी कहा गया है कि कांग्रेस-राकांपा चुनावी गठबंधन में रिपब्लिकन पार्टी (आरपीआई) अठावले गुट- गवई गुट के साथ ही मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, लाल निशान पार्टी और दो निर्दलियो के साथ भी सीटो का तालमेल था। विज्ञप्ति मे यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि राज्यपाल के पत्र का जवाब और किन पार्टियो ने दिया है।

गौरतलब है कि राज्यपाल फजल ने एक अभूतपूर्व कदम के तहत मतदान के पहले ही 12 अक्टूबर को राज्य के सभी राजनीतिक दलो को भेजे एक पत्र मे उनसे अपने अपने चुनावी गठबंधनो का ब्यौरा 18 अक्टूबर तक दे देने को कहा था।

कच्चे तेल की कीमते 55 डॉलर के पार

सिंगापुर। मांग मे तेजी, आपूर्ति मे कमी और उत्पादन पर छाये अनिश्चितता के बादलो के बीच कच्चे तेल की कीमत मे नया उछाल आया है और वह 55 डालर प्रति बैरल की ऊंचाई को भी पार कर गयी है।

एशिया के कारोबार मे नवंबर मे आपूर्ति होने वाले तेल की कीमत आज दोपहर 55.33 डालर प्रति बैरल थी जो शुक्रवार को कारोबार की समाप्ति पर न्यूयार्क बाजार की कीमत से 40 सेट अधिक है।

अकेले पिछले एक माह मे वायदा कारोबार मे कच्चे तेल की कीमत मे 10 डालर प्रति बैरल का इजाफा हुआ है। इस इजाफे के पीछे मध्य सितंबर मे मेक्सिको की खाड़ी मे आया चक्रवाती तूफान इवान था। तेल की यह कीमते इस दौर की सबसे अधिक कीमत है। एक साल के पहले के मुकाबले तेल की कीमतो मे 70 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई है।

अब जबकि तेल कीमते 55 डालर को पार कर गयी हैं विशेषज्ञो को लग रहा है कि अब यह कीमते 60 डालर तक पहुंच सकती हैं। कुछ विशेषज्ञो का कहना है कि इस साल के आखिर मे कीमते 60 डालर तक पहुंच सकती है।

टैक्सास स्थित एक उर्जा सलाह कार कंपनी के एक तेल विशेषज्ञ विक्टर शूम ने कहा कि हमने एक नया मील का पत्थर तय किया है और हम 60 डालर की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होने कहा कि तेल की कीमते 60 डालर पर निश्चित तौर पर पहुंच सकती है।

आनन्द गणेशन द्वारा आनन्द ऑफसेट प्रिन्टर्स से प्रकाशित एवं मुद्रित, पोंगी चांग, पोस्ट बॉक्स नं. 167, प्रधान सम्पादक के. गणेशन,
दूरभाष सं. 232368 / 230899, फैक्स सं. 243019